Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to ensure construction of solar plant by NTPC as per specified norms in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh in time bound manner-laid

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख) : मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख, जनपद सीतापुर उ0प्र0 के अन्तर्गत डुडवा जमौली, ब्लॉक शिवराजपुर, बिल्हौर, जिला कानपुर नगर में एनटीपीसी द्वारा स्थापित किए जा रहे सोलर प्लांट की ओर आकर्षित करते हुए अवगत कराना चाहूंगा कि जिस कम्पनी को यह काम सौंपा गया है,उसका कार्य संतोषजनक तरीके से नहीं चल रहा है । तथा निर्माण सामग्री भी गुणवत्ता के अनुरूप उपयोग में नहीं लायी जा रही है एवं लाईनिंग के कार्य में नौरंग की जगह डस्ट को उपयोग में लाया जा रहा है और केबिल के नीचे बालू भरने की जगह बालू व मिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है एवं निचली गंगा नहर प्रखण्ड कानपुर में 241 कि0मी0 नहर की लाइनिंग के कार्य में 100 करोड़ रूपये से अधिक राशि व्यय करने के बाद लाइनिंग की स्थिति आज जीर्णशीर्ण है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थापित की जा रही उपरोक्त परियोजना में कथित अनियमित्ताओं की जांच केन्द्रीय मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति गठित करवाए जाने हेतु भी अनुरोध किया है । लेकिन, इस संबंध में अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी धन का दुरूपयोग जारी है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थापित की जा रही उक्त परियोजना में कथित अनियमित्ताओं की जांच केन्द्रीय मंत्रालय स्तर पर एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति गठित करके करवाए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए जाएं और यह भी सुनिश्चित करेंगे कि मेरे संसदीय क्षेत्र की उक्त परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाए ।